CMYK

Web: www.uttaranchaldeep.com

Email-uttaranchaldeep@gmail.com



सूर्यास्त
उत्तराखण्ड में मंगलवार
सायं 7:13 बजे



सूर्योदय
उत्तराखण्ड में बुधवार
सुबह 5:13 बजे

सांध्य दैनिक

# उत्तरांचल दीप

सबके हाथ सच के साथ



शादी से सामने आई और तस्वीरें...पेज-3 पर

हल्द्वानी | वर्ष 19 अंक 22 पृष्ठ 4 मूल्य 1.00 रु. | मंगलवार, 7 जुलाई 2026

## News कॉर्नर

### नैनीताल में मौसम का रहा मिलजुला असर

**नैनीताल ।** नैनीताल में मौसम मिलजुला असर रहा। दिन में दो बार हल्की बारिश हुई तो उसके बाद धूप खिलने से मौसम सुहावना हो गया। बता दें नगर में पूर्वान्ह 11 बजे हल्की बूंदाबांदी हुई इसके एक बजे हल्की रिमझिम बारिश हुई जो आधे घंटे बाद थम गई। इसके बाद घना कोहरा नगर को आगोश में लिए रहा जबकि बादलों की चादर भी आसमान को ढकी रही। शाम चार बजे मौसम साफ हो गया और धूप निकल आई। जिसके चलते गर्मी का एहसास हुआ। जीआईसी मौसम विज्ञान केंद्र के अनुसार अधिकतम तापमान 26 और न्यूनतम 21 डिग्री सेल्सियस रिकार्ड किया गया।

### अभियोजन निदेशक के पद को चुनौती देने वाली याचिका पर सुनवाई अब एक माह बाद

**नैनीताल।** हाईकोर्ट ने अभियोजन निदेशक के पद को चुनौती देती याचिका पर सुनवाई की।
मामले की सुनवाई के बाद मुख्य न्यायधीश मनोज कुमार गुप्ता और न्यायमूर्ति सुभाष उपाध्याय की खंडपीठ ने राज्य सरकार से पूछा है कि आपके द्वारा अभियोजन निदेशक पद के लिए कया नियम बनाए गए हैं। इस पर एक माह के भीतर जवाब प्रस्तुत करने को कहा है। मामले की अगली सुनवाई एक माह बाद की तिथि नियत की है।

### हाईकोर्ट ने ओएनजीसी के डाकटरों वाली याचिकाओं को किया निस्तारित

**नैनीताल ।** हाईकोर्ट ने तेल और प्राकृतिक गैस निगम (ओएनजीसी) में कार्यरत डाकटरों (मेडिकल अफसरों) द्वारा गैर-प्रैकटिसिंग भत्ते (एनपीए) को वेतन का हिस्सा मानकर अन्य सेवा लाभों की गणना करने की मांग वाली रिट याचिकाओं को निस्तारित कर दिया है।
न्यायमूर्ति मनोज कुमार तिवारी और न्यायमूर्ति पंकज पुरोहित की खंडपीठ ने डॉ. श्याम सुंदर, डॉ. रजत अग्रवाल और डॉ. नितिन चावला द्वारा दायर याचिकाओं पर एक साथ सुनवाई करते हुए यह आदेश पारित किया।

# प्रदेश में आज भी बारिश की चेतावनी, देहरादून, हरिद्वार समेत कई जिलों में येलो अलर्ट

**देहरादून**

हमारे संवाददाता

मौसम विभाग की ओर से आज मंगलवार को भी देहरादून समेत कई जिलों में बारिश की संभावना जताई गई है। विभाग ने कहीं-कहीं तेज बारिश, आकाशीय बिजली और तेज हवाएं चलने की चेतावनी दी है।

मानसून ने उत्तराखंड में तेजी पकड़ ली है। सोमवार को बागेश्वर जनपद में भारी बारिश का ऑरेंज अलर्ट जारी किया गया है। प्रदेश के बाकी जनपदों में भी दिन में कई दौर की बारिश के आसार हैं। देहरादून, हरिद्वार समेत बाकी जिलों में बारिश का यलो अलर्ट जारी किया गया है। उधर पटना समेत कई जिलों में पिछले 24 घंटे में हल्की से मध्यम दर्जे की बारिश



ने गर्मी से राहत दिलाई है। मौसम विभाग ने आज भी पटना समेत कई जिलों में बारिश और वज्रपात का अलर्ट जारी किया है। मौसम विभाग ने खराब मौसम को देखते हुए आम लोगों से सतर्क और सावधान रहने की अपील की है। बिहार में मानसून सक्रिय बना हुआ है। मौसम विज्ञान केंद्र ने आज यानी मंगलवार राज्य के सभी 38 जिलों में येलो अलर्ट जारी किया है। मौसम विभाग के अनुसार अगले 24 घंटे के दौरान अधिकांश जिलों में गरज-चमक के साथ बारिश, वज्रपात और 30 से 40 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से तेज हवा चलने की संभावना है। राज्य के 14 जिलों के लिए यलो अलर्ट जारी किया है। विभाग के अनुसार अरवल, औरंगाबाद, पूर्वी चंपारण, गया, जहानाबाद, जमुई, लखीसराय, मुजफ्फरपुर, नालंदा, नवादा, पटना, रोहतास, समस्तीपुर और शेखपुरा जिलों के कुछ हिस्सों में अगले एक से तीन घंटे के दौरान हल्की से मध्यम बारिश के साथ 30 से 40 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से तेज हवा चलने की संभावना है।

### महाराष्ट्र में बारिश का कहर- 13 लोगों की मौत, 10 घायल

महाराष्ट्र में पिछले दो दिनों से जारी मूसलाधार बारिश और तेज हवाओं ने भारी तबाही मचाई है। राज्य में अब तक 13 लोगों की मौत हो चुकी है, जबकि 10 अन्य घायल हुए हैं। राज्य आपातकालीन संचालन केंद्र के अनुसार, करीब 100 मकान क्षतिग्रस्त हो गए हैं और भीषण बाढ़ के कारण सैकड़ों लोग बेघर हो गए हैं। पिछले 24 से 48 घंटों के आंकड़े राज्य के तटीय और पश्चिमी हिस्सों में हुई भारी बारिश हुई है। लोनावला में पिछले 48 घंटों के दौरान सर्वाधिक 625 मिमी बारिश दर्ज की गई। वहीं, पिछले 24 घंटों में रायगढ़ में 236 मिमी, ठाणे में 161 मिमी, रत्नागिरी में 152 मिमी, पालघर में औसतन 132 मिमी और मुंबई के विभिन्न इलाकों में 100 से 161 मिमी तक वर्षा रिकॉर्ड की गई।

अब तक 30 से अधिक देशों में मिल चुके हैं मेडल

# इंडोनेशिया में पीएम मोदी को मिला सर्वोच्च सम्मान

**नई दिल्ली**

एजेंसी

इंडोनेशिया ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को अपना सर्वोच्च नागरिक सम्मान बिंतांग आदिपूर्णा से नवाजा गया। यह सम्मान भारत और इंडोनेशिया के मजबूत रिश्तों का प्रतीक माना जा रहा। प्रधानमंत्री मोदी ने इसे करोड़ों भारतीयों को समर्पित बताया।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को इंडोनेशिया के राष्ट्रपति प्रबोवो सुबियांतो ने देश के सर्वोच्च नागरिक सम्मान बिंतांग आदिपूर्णा से सम्मानित किया। यह सम्मान भारत और इंडोनेशिया के मजबूत होते रणनीतिक और कूटनीतिक रिश्तों का प्रतीक माना जा रहा है। इसके साथ ही प्रधानमंत्री मोदी उन विश्व नेताओं में शामिल हो गए हैं, जिन्हें 30 से अधिक देशों ने अपने सर्वोच्च या प्रतिष्ठित राष्ट्रीय सम्मानों से नवाजा है। सम्मान मिलने के बाद प्रधानमंत्री ने इसे अपना नहीं, बल्कि करोड़ों भारतीयों का सम्मान बताया। प्रधानमंत्री मोदी तीन देशों की यात्रा के पहले चरण में इंडोनेशिया पहुंचे हैं। जकार्ता में राष्ट्रपति भवन



इस्ताना मर्देका में उनका भव्य स्वागत किया गया। राष्ट्रपति प्रबोवो सुबियांतो ने औपचारिक समारोह में उन्हें बिंतांग आदिपूर्णा सम्मान प्रदान किया। प्रधानमंत्री ने राष्ट्रपति भवन के अतिथि पुस्तिका पर हस्ताक्षर भी किए। उन्होंने सोशल मीडिया पर स्वागत के लिए इंडोनेशिया का आभार जताते हुए लिखा कि इस्ताना मर्देका में मिले गर्मजोशी भरे स्वागत के लिए धन्यवाद। यह यात्रा भारत की एक्ट ईस्ट नीति, महासागर विजन और मुक्त, समावेशी एवं खुले हिंद-प्रशांत क्षेत्र के प्रति प्रतिबद्धता को आगे बढ़ाने की दिशा में महत्वपूर्ण मानी जा रही है।

बिंतांग रिपब्लिक इंडोनेशिया आदिपूर्णा इंडोनेशिया का सर्वोच्च नागरिक सम्मान है। इसकी स्थापना वर्ष 1959 में की गई थी। यह सम्मान उन लोगों को दिया जाता है, जिन्होंने इंडोनेशिया की एकता, समृद्धि, निरंतरता और राष्ट्रीय हितों के लिए असाधारण योगदान दिया हो। यह सम्मान नागरिकों के साथ-साथ सैन्य क्षेत्र से जुड़े लोगों को भी दिया जा सकता है।

विदेशी नेताओं को यह सम्मान केवल विशेष योगदान और दोनों देशों के संबंधों को नई ऊंचाई देने के लिए प्रदान किया जाता है।

# नैनीताल बचाने को एकजुट हुए स्थानीय लोग, अनावश्यक निर्माणों पर उठाई आवाज

**नैनीताल**

हमारे संवाददाता

नैनीताल नगर की प्राकृतिक सुंदरता, ऐतिहासिक विरासत और पर्यावरणीय संतुलन को बचाने के विशेष मकसद से स्थानीय नागरिकों ने सोमवार को नैनीताल बचाओ- संवाद और सुझाव बैठक आयोजित की। बैठक में नागरिकों, युवाओं, व्यापारियों तथा पर्यावरण प्रेमियों और जागरूक लोगों ने शहर की मौजूदा समस्याओं पर खुलकर चर्चा करते हुए प्रशासन के समक्ष रखे जाने वाले सुझावों पर सहमति बनाई।

बैठक में वक्ताओं ने कहा कि नैनीताल में विकास के नाम पर लगातार हो रहे अनावश्यक निर्माण शहर की मूल पहचान को प्रभावित कर रहे हैं। विशेष रूप से झील किनारे बनाए जा रहे कंक्रीट ढांचे और हट्स को लेकर सवाल उठाए गए। वक्ताओं ने कहा कि यदि स्थानीय लोग छोटे निर्माण करते हैं तो उन पर कार्रवाई की जाती है जबकि सरकारी स्तर पर उन्हीं क्षेत्रों में निर्माण कार्यों को सौंदर्यीकरण का नाम देकर किया जा रहा है। यह दोहरा मापदंड स्वीकार्य नहीं है। प्रतिभागियों ने यह भी मुद्दा उठाया कि नियमानुसार जीवन दायिनी नैनी झील से 30 मीटर के दायरे में स्थायी पक्के निर्माण नहीं किए जा सकते लेकिन झील के किनारे हट्स और अन्य ढांचे खड़े कर दिए गए हैं। उनका कहना था कि ऐसे निर्माणों की निष्पक्ष समीक्षा होनी चाहिए और पर्यावरणीय नियमों का समान रूप से पालन कराया जाना चाहिए। बैठक में शहर की यातायात व्यवस्था और वन.वे प्रणाली का प्रभावी पालनए लोअर मॉल रोड के रखरखाव एवं पैदल यात्रियों के लिए सुरक्षित मार्ग, अनियंत्रित पार्किंग और बढ़ते ट्रैफिक दबाव का समाधान, नैनी झील एवं आसपास के क्षेत्रों की स्वच्छता तथा अनियोजित निर्माण और कंक्रीटीकरण पर रोक तथा शहर की प्राकृतिक पहचान और विरासत के संरक्षण तथा पर्यटन और पर्यावरण के बीच संतुलन स्थापित करने जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर विस्तार से चर्चा हुई।

सभी प्रतिभागियों ने इस बात पर जोर दिया कि नैनीताल का विकास पर्यावरणीय मानकों और न्यायालय के निर्देशों के अनुरूप होना चाहिए। शहर की प्राकृतिक विरासत से समझौता किए बिना विकास की योजनाएं बनाई जाएं और स्थानीय लोगों की राय को प्राथमिकता दी जाए। बैठक में निर्णय लिया गया कि तैयार सुझावों और मांगों को प्रशासन के समक्ष रखा जाएगा। बैठक में मां नयना देवी व्यापार मंडल अध्यक्ष पुनीत टंडन, सभासद गजाला कमाल, मनोज साह जगाती, खुर्शीद हुसैन,कमल जगाती, अदिति खुराना व सुमित खन्ना सहित अनेक स्थानीय नागरिक उपस्थित रहे।

# कानून के मुताबिक 8 महीने के भीतर वेतनमान संशोधन मामले पर नए सिरे लें फैसला:हाईकोर्ट

**नैनीताल**

हमारे संवाददाता

हाईकोर्ट ने राज्य के विभिन्न सरकारी डिग्री कॉलेजों में कार्यरत असिस्टेंट लाइब्रेरियनों के वेतनमान संशोधन से जुड़ी याचिका को निस्तारित करते हुए न्यायालय ने पूर्व में राज्य सरकार द्वारा याचिकाकर्ताओं के दावे को खारिज करने वाले आदेश में कमियां पाते हुए मामले को पुनर्विचार के लिए वापस भेज दिया है।

मामले के अनुसार याचिकाकर्ताओं का तर्क था कि वे उत्तराखंड के सरकारी डिग्री कॉलेजों में असिस्टेंट लाइब्रेरियन के पद पर कार्यरत हैं और उनके पास लाइब्रेरी साइंस में उच्च शैक्षणिक डिग्री है। इसके बावजूद उन्हें कैटलॉगर्स के समान 2800 रुपया का ग्रेड पे दिया जा रहा है जबकि कैटलॉगर्स के पास केवल लाइब्रेरी साइंस में डिप्लोमा होता है। याचिकाकर्ताओं के वकील ने दलील दी कि उच्च पद और उच्च योग्यता होने के बावजूद समान ग्रेड पे देना पूरी तरह से अन्यायपूर्ण है वहीं राज्य सरकार ने पूर्व में 14 सितंबर 2020 को एक आदेश जारी कर इस दावे को यह कहते हुए खारिज कर दिया था कि समता समिति की रिपोर्ट लागू होने के बाद विभिन्न कैडरों की पारस्परिक समानता समाप्त कर दी गई है। उच्च न्यायालय ने याचिकाकर्ताओं के तर्कों पर सहमति जताते हुए कहा कि राज्य सरकार ने फैसला लेते समय कैटलॉगर्स और असिस्टेंट लाइब्रेरियन की शैक्षणिक योग्यता के अंतर पर ध्यान नहीं दिया।

### युवक ने गटका कीटनाशक, हालत बिगड़ी, अस्पताल में भर्ती

**नैनीताल ।** नैनीताल जिले के तल्ला रामगढ़ क्षेत्र में उस समय हड ?प मच गया जब एक युवक ने अज्ञात कारणों के चलते जहरीले कीटनाशक का सेवन कर लिया। युवक की अचानक तबीयत बिगडने पर परिजनों में अफ रा-तफ री मच गई और उसे आनन-फानन में अस्पताल पहुंचाया गया।

जानकारी के मुताबिक तल्ला रामगढ़ निवासी प्रेम थापा ने रविवार को कीटनाशक दवा निगल ली। कुछ ही देर में उनकी तबीयत गंभीर रूप से बिगडने लगी जिसके बाद परिजन उन्हें तत्काल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र रामगढ़ ले गए। चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद हालत को देखते हुए उन्हें नैनीताल स्थित राजकीय बी.डी.पांडे जिला चिकित्सालय रेफर कर दिया।

# मांगों को लेकर च्यूरीगाड़ में गरजी क्षेत्रीय जनता

**नैनीताल**

हमारे संवाददाता

पूर्व दर्जा राज्यमंत्री एवं प्रमुख राज्य आंदोलनकारी हरीश पनेरु के नेतृत्व में एक धरना प्रदर्शन ग्राम पंचायत परिसर च्यूरीगाड़ में किया गया।

इस मौके पर जूनियर हाई स्कूल च्यूरीगाड़ को बन्द करके के खिलाफ नारेबाजी कर स्कूल को चालू करने की माग की हरीश पनेरु ने उक्त समस्या के सन्दर्भ में जिलाधिकारी नैनीताल मुखय शिक्षा अधिकारी से दूरभाष पर वार्ता कर एक सप्ताह के भीतर विद्यालय को को शीघ्र चालू करने की मांग की अन्यथा एक सप्ताह भीतर मुख्य शिक्षा अधिकारी कार्यालय में उग्र आंदोलन किया जाएगा पनेरू ने कहा कि विद्यालय आज सरकार की अनदेखी के कारण बन्द होने के कगार मे है जबकि



जूनियर हाईस्कूल में 19 बच्चे पढ़ते हैं उनको यहां से तीन किलोमीटर दूर पुटगावं जाना पड़ रहा है अचानक शिक्षकों की कमी का कारण बताया जा रहा है क्षेत्रीय विधायक एवं मंत्री को चाहिए की विद्यालय में शिक्षकौ की नियुक्ति कराएं न की बन्द कराएं बड़े शर्म की बात है की पहाड़ी क्षेत्र में शिक्षा व्यवस्था को अच्छी करने की बजाय स्कूलों को बन्द करा जा रहा है जिससे पहाड में रहने वाले लोगों में काफी आक्रोश पनप रहा है जिसका जन्हीत में निराकरण अती आवश्यक है। आज के धरना प्रदर्शन में टिकम सिंह, सरपंच गणेश सिंह बोरा, सरस्वती देवी, भानु देवी, खिम सिंह, मोहन चंद्र, जीवन सिंह तथा वीरेंद्र सिंह व रमेश रैकवाल राजू मौजूद रहे।

# संस्कृति विभाग के सहयोग से हरेला पखवाड़ा का उद्घाटन

## आईजी,सीएमओ व विधायक ने किया हरेला पखवाड़े का शुभारंभ



**नैनीताल**

हमारे संवाददाता

नगर के सामाजिक, सांस्कृतिक एवं पर्यावरण संरक्षण से जुड़े प्रमुख संगठन लेक सिटी वेलफेयर क्लब द्वारा सोमवार को संस्कृति विभाग के सहयोग से हरेला पखवाड़ा का उद्घाटन पारंपरिक विधि विधान के साथ हुआ।

कार्यक्रम का आयोजन होटल पवेलियन में किया गया, जहं क्लब के सदस्यों और स्थानीय नागरिकों की उपस्थिति रही। कार्यक्रम के शुभारंभ अवसर पर कलब की महिलाओं ने सात अनाजों का उपयोग करते हुए सूखी मिट्टी के साथ हरित पौधों की रोपण (बोया) क्रिया संपन्न की।कार्यक्रम में उपस्थित लोगों ने कहा कि हरेला पखवाड़ा पर्यावरण के प्रति हमारी जिमेदारी को दर्शाता है और भविष्य की पीढ़ियों के लिए स्वच्छ वातावरण सुनिश्चित करने का प्रेरणास्त्रोत है। इससे पूर्व कार्यक्रम का शुभारंभ निवेदिता कुकरेती (पुलिस महानिरीक्षक कुमाऊँ परिक्षेत्र), डॉ. रश्मि पंत (मुखय चिकित्सा धिकारी) एवं सरिता आर्या (विधायक) द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया। इस अवसर पर मुखय अतिथि निवेदिता कुकरेती (आईजी) ने हरेला पर्व के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि यह पर्व हमें पर्यावरण संरक्षण के साथ अपनी समृद्ध सांस्कृतिक धरोहर को आगे बढ़ाने की प्रेरणा देता है।

उन्होंने सभी नागरिकों से प्रकृति की रक्षा करने और अपनी परंपराओं को जीवन में अपनाने की अपील की।

इसके बाद कलब की महिलाओं द्वारा पारंपरिक झोड़ों की अत्यंत आकर्षक प्रस्तुति दी गई।कार्यक्रम संयोजक गीता साह ने कार्यक्रम की सफलता के लिए सभी अतिथियों, प्रतिभागियों एवं सहयोगियों के प्रति आभार व्यक्त किया।हरेला कार्यक्रम की संयोजक डॉ. प्रगति जैन ने कहा कि 19 जुलाई को कलब द्वारा हरेला पर्व के उपलक्ष्य में कुमाऊँनी नृत्य प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा जिसमें बड़ी संखया में प्रतिभागियों के शामिल होने की उममीद है। इस मौके पर कलब के पदाधिकारी व सदस्य मौजूद रहे।



# कलाकारों ने लोकगीत व नृत्य के माध्यम से किया लोक संस्कृति का प्रचार

**नैनीताल**

हमारे संवाददाता

सर्वोदय सेवा समिति नैनीताल द्वारा गुरु शिष्य परंपरा के अन्तर्गत नगर के प्रतिष्ठित राष्ट्रीय शहीद सैनिक स्मारक विद्यापीठ विद्यालय में देवभूमि उत्तराखंड की विलुप्त होती लोक संस्कृति को पुन: जागृत करने हेतु उत्तराखण्ड की संस्कृति पर आधारित लोकनृत्य तथा लोक गीतों का मंचन किया। इस मौके पर समिति के कलाकारों ने स्कूल के बच्चों को उत्तराखंड की संस्कृति के साथ ही लोक गीतों व लोक नृत्यों तथा पारंपरिक व पौराणिक सांस्कृतिक कार्यक्रमों की जानकारी दी। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि कालेज की प्रधानाचार्य तारा बोरा रही जबकि वक्ता उमेश कांडपाल तथा किशन लाल द्वारा बच्चों और वहां पर मौजूद बच्चों के अभिभावको को विलुप्त होती संस्कृति पर विस्तार से जानकारी भी दी। इससे पूर्व समिति के अध्यक्ष आनन्द सिंह मेहरा ने मुख्य अतिथि तारा बोरा को प्रतीक चिन्ह देकर सममानित किया तथा कार्यक्रम के उपरांत बच्चों को लेखन सामग्री वितरित की गई। सांस्कृतिक कार्यक्रमों में जिन कलाकारों ने भाग लिया उनमें कविता, देवेंद्र, प्रीति, हरेंद्र, दिवाकर, रिया, आनंद, पद्मा, जीवन व माया आदि ने प्रतिभाग किया। बता दें समिति समय-समय पर उत्तराखण्ड के कई स्कूलों में ऐसे कार्यक्रम करती है और समिति को हर जगह ऐसे सराहनीय कार्य के लिए सममानित भी किया जाता है।

# देवीधुरा गांव की खुली बैठक में लोगों को दी विकास योजनाओं की जानकारी

**नैनीताल**

हमारे संवाददाता

भाजपा जिला कार्यकारिणी सदस्य डॉ. भुवन चंद्र आर्य ने सोमवार को पार्टी कार्यकर्ताओं के साथ नैनीताल विधानसभा के तहत भीमताल विकासखंड के ग्राम सभा देवीधुरा के ग्राम सभा की खुली बैठक में पहुंचकर डबल इंजन सरकार की विकास योजनाओं के बारे में विस्तार पूर्वक जानकारी दी।

इस दौरान डा.आर्य ने कहा कि केंद्र व राज्य सरकार की ओर से चलायी जा रही जनकल्याणकारी योजनाओं का लोगों को अधिक से अधिक लाभ उठाना चाहिए। उन्होंने कहा कि सरकार भी समय-समय पर शिविरों के माध्यम से योजनाओं का प्रचार प्रसार कर रही है। इस दौरान ग्राम प्रधान प्रेमलता बर्गली, पूर्व कनिष्ठ बलाक प्रमुख एवं वर्तमान क्षेत्र पंचायत सदस्य हिंमाशु पाण्डे ने पुष्प गुच्छ भेंट कर डा.आर्य का स्वागत किया।

इस मौके पर हीरा सिंह, गोपाल मेहरा ,हेम सिंह,प्रेम सिंह, हीरू मेहरा, मंजू, कमला बिष्ट, पुष्पा देवी ,रेखा देवी, ,दीपा देवी, हेमा मेहरा,ज्योति जलाल व बसंती देवी आदि मौजूद रही।



## NEWS / फटाफट

### शैलेंद्र बने भाजपा खेल प्रकोष्ठ के जिला सह संयोजक



**नैनीताल** । भारतीय जनता पार्टी के जिलाध्यक्ष प्रताप बिष्ट ने प्रदेश अध्यक्ष की सहमति से नैनीताल जिले में खेल प्रकोष्ठ में शैलेन्द्र बर्गली पंकज को सह संयोजक की जिममेदारी सौंपी है। बता दें शैलेंद्र बर्गली के पास खेल से समबन्धित अनेक दायित्व हैं। वह वर्तमान में जिला खेल संघ नैनीताल में लगातार बालीबाल सचिव सचिव हैं तथा ऐतिहासिक सीआरएसटी ओल्ड बवाइज फुटबॉल एसोशियेशन में उपसचिव के रूप में कार्य कर रहे हैं। मैराथन रेस के लिए विखयात रन टू लिव संस्था में कार्यकारणी सदस्य के रूप में। डीएसए नैनीताल के मैदान में आयोजित विभिन्न खेल प्रतियोगिताओं मे संयोजक के रूप में उनकी सक्रिय भूमिका रहती है।शैलेन्द्र बर्गली को मिले दायित्व पर भाजपा मंडल अध्यक्ष नितिन कार्की,उपाध्यक्ष दया किशन पोखरिया, दर्जा राज्य मन्त्री मोहन पाठक, डीएसए नैनीताल के ममहासचिव मनोज जोशी समेत डा. मनोज बिष्ट, गोपाल रावत, भारत महरा, सभासद पूरन बिष्ट, हरीश राणा, मोहित साह, करन साह, गौरव हार्पर, आशीष बजाज, विक्रम राठौर व युवराज करायत ने बधाइयाँ दी हैं।

### जनहित संस्था की बैठक में सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता की कामयाबी पर चर्चा



**नैनीताल** । जनहित संस्था के पदाधिकारियों व सदस्यों की सोमवार को सेवा समिति गोवर्धन हाल में बैठक संस्था के उपाध्यक्ष अशोक शाह की अध्यक्षता में आयोजित की गई। बैठक का मुख्य विषय संस्था द्वारा स्थानीय विद्यालयों के छात्रों के मध्य रविवार 12 जुलाई को सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता कार्यक्रम का सफल आयोजन करना रहा। कार्यक्रम के सफल संचालन व आगामी कार्यक्रमों के संबन्ध में विचार विमर्श किया गया और सभी सदस्यों को जिमेदारी सौंपी गई। बैठक में संस्था के महासचिव महेश चंद्र आर्या, कार्यकारी अध्यक्ष दिव्या साह समेत सिद्धार्थ बिष्ट, ममता शाह, जीवंती भट्ट, टी.एस. खंपा, के0 ए गौरव, पंकज साह, चंद्रा पंत, महेश चंद्र पाठक तथा देवकी कुंवर आदि मौजूद रहे।

### हनुमानगढ़ी में वन विभाग ने सभासदों के साथ किया पौधरोपण

**नैनीताल** । वन महोत्सव के अवसर पर हनुमानगढ़ी के समीप वन विभाग की ओर से पौधरोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस दौरान नगर के सभासदों, वन विभाग के अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने विभिन्न प्रजातियों के पौधे लगाकर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। वन क्षेत्राधिकारी ललित मोहन कार्की ने बताया कि बढ़ते पर्यावरणीय संकट और जलवायु परिवर्तन के दौर में पौधरोपण केवल औपचारिकता नहीं बल्कि आने वाली पीढ़ियों के सुरक्षित भविष्य के लिए आवश्यक कदम है। कार्यक्रम में सभासद गीता उप्रेती समेत वन विभाग के अधिकारी, कर्मचारी व स्थानीय लोग मौजूद रहे।

### स्कूटी की टक्कर से छात्र घायल व मां भी चोटिल

**नैनीताल** । नगर के मल्लीताल के पॉलीटेकनिक क्षेत्र में सोमवार सुबह एक तेज रफतार स्कूटी अनियंत्रित होकर सड़क किनारे पैदल जा रही मां व बेटे से टकरा गई। हादसे में 10 वर्षीय छात्र के सिर में चोट आई जबकि उसकी मां भी घायल हो गई। जानकारी के अनुसार मल्लीताल निवासी पनुली देवी अपने 10 वर्षीय बेटे अनमोल को स्कूल छोडने पैदल जा रही थीं। इसी दौरान पॉलीटेकनिक क्षेत्र से नीचे की ओर आ रही एक स्कूटी ढलान में अनियंत्रित होकर दोनों से टकरा गई। इससे 10 वर्षीय बालक व उसकी मां चोटिल हो गईं। हादसे के बाद मौके पर मौजूद राहगीरों ने घायल मां.बेटे को तत्काल बीडी पांडे अस्पताल पहुंचाया जहां दोनों का उपचार किया गया। चिकित्सकों के अनुसार छात्र के सिर व महिला की कमर में चोट आई है। उपचार के बाद पनुली देवी ने स्कूटी चालक के खिलाफ मल्लीताल कोतवाली में तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। एसएसआई दिनेश जोशी ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है। शिकायत के आधार पर नियमानुसार आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।

**नोट**

समाचार पत्र में छपे लेख, पत्र व अन्य कालमों में लेखकों के विचार होते हैं, उनसे संपादक का सहमत होना आवश्यक नहीं है।
–संपादक

पूर्व प्रधान संपादक:
स्व. वेदप्रकाश गुप्ता
स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक
श्रीमती आदेश अग्रवाल द्वारा
उत्तरांचल दीप प्रेस
चंद्रकाता हाउस, नैनीताल रोड
हल्द्वानी से मुद्रित एवं प्रकाशित
संपादक- श्रीमती आदेश अग्रवाल
प्रबंध संपादक- साकेत अग्रवाल
दूरभाष : 05946-224556
फैक्स:05946-283801
e-mail: Uttaranchaldeep@gmail.com
www.dainikuttaranchaldeep.com
आरएनआई नं. UTTHIN/ 2009/ 32558
समस्त विवाद हल्द्वानी
न्यायालय के अधीन होंगे।
संस्थापक: स्व. मुन्ना बाबू राजपूत

# कैलाश मानसरोवर यात्रा दल को दिलाई हिमालय बचाओ अभियान की शपथ

**नैनीताल**

हमारे संवाददाता

पर्यटक आवास गृह धारचूला में कैलाश मानसरोवर यात्रा के प्रथम दल के यात्रियों को कुमाऊं मंडल विकास निगम के पूर्व प्रबंधक दिनेश गुरुरानी द्वारा हिमालय बचाओ अभियान के तहत शपथ दिलाई गई।

इस दौरान यात्रियों को उच्च हिमालय क्षेत्र में पॉलीथिन, प्लास्टिक सहित पर्यावरण को प्रदूषित करने वाली किसी भी सामग्री का प्रयोग नहीं करने, हिमालय को कूड़ा मुक्त करने के लिए हिमालय में पड़े हुए कूड़े को इकट्ठा कर धारचूला लाकर उसका निस्तारण करने की शपथ दिलाई। दिनेश गुरुरानी ने उनके द्वारा चलाए गए पौधारोपण अभियान के 721वें दिन यात्रियों को उच्च हिमालय क्षेत्र स्थित कालापानी व गुंजी में पौधा रोपण हेतु पौधे दिए। कार्यक्रम में कैलाश मानसरोवर यात्री दल के 49 यात्रियों के साथ कुमाऊं मंडल विकास निगम के कर्मचारी उपस्थित रहे। इस अवसर पर उप जिलाधिकारी धारचूला, यात्राधिकारी धन सिंह, रमेश बिष्ट, दीपक बम, चंदन बिष्ट समेत कोऑर्डिनेटर भूपेंद्र सिंह तथा सामाजिक कार्यकर्ता दीपचंद जोशी व गौरव पांडे उपस्थित रहे।



# वन महोत्सव के तहत जगह-जगह पर हुआ पौधरोपण

**नैनीताल**

हमारे संवाददाता

नैनीताल में वन महोत्सव समेत एक पेड मां के नाम कार्यक्रम के तहत सोमवार को विभिन्न स्थानों पर पौधरोपण कार्यक्रम आयोजित किए गए।

कुमाऊं विवि के डीएसबी परिसर के वनस्पति विज्ञान द्वारा एक पेड़ मां के नाम के कार्यक्रम में डीन साइंस प्रो. संजय पंत तथा सहायक लेखाधिकारी हिमांशु मठपाल ने देवदार,बांज, बुरांश तथा पदम के साथ हाइड्रेंजिया के पौधे रोपित किए। इस मौके पर वनस्पति विज्ञान विभाग के विभागाध्यक्ष प्रो. ललित तिवारी ने कहा कि पौधारोपण हमारा चिंतन ही नहीं बल्कि हमारी शक्ति है जिसके बिना हम सब शून्य है। उत्तराखण्ड राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण नैनीताल के दिशा निर्देशानुसार एवं अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण नैनीताल/ जिला न्यायाधीश प्रशांत जोशी के निर्देशन में सिविल जज (सी0डि0)/सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण नैनीताल श्रीमती पारुल थपलियाल के द्वारा वन महोत्सव सप्ताह के अंतर्गत वन विभाग के साथ जिला मुखयालय के सीमावर्ती क्षेत्र बजून,पाटीयाखान, फगुनियाखेत में वृहद स्तर पर पौधरोपण किया गया।




वहीं टांकी बीट के कक्ष संखया 26 पिटरिया क्षेत्र में वन महोत्सव के तहत पुतली, पांगर, तिलोंज व बाज आदि विभिन्न प्रजाति के 35 से अधिक पौधों का रोपण किया गया। वन क्षेत्राधिकारी ललित मोहन कार्की के नेतृत्व में किए गए इस पौधारोपण में विमला नगरकोटी वन दरोगा, राजेंद्र वर्मा, वन आरक्षी नंदन दानू, कुंदन सिंह बिष्ट, मनोज साई, मुख्य अतिथि भगवत रावत सभासद नारायण नगर वार्ड एवं क्षेत्र के दीप्ति जोशी, हर्षित, हीरा सिंह, शिवम व दीवान आदि स्थानीय लोग मौजूद रहे। उत्क्रांद अधिकारी कर्मचारी प्रकोष्ठ के कुमाऊं मंडल अध्यक्ष राज्य निर्माण सेनानी दिनेश गुरुरानी द्वारा राज्य में चलाया जा रहा अनूठा पौधारोपण अभियान के तहत डीडीहाट के बंदरलीमा खिरचना दुर्गा मंदिर परिसर में पौधारोपण किया।

# अभिमत

## अस्पताल खुद 'बीमार'

*सरकारी अस्पतालों में नियुक्त 70 प्रतिशत डाक्टर नौकरी में टिक नहीं पा रहे हैं। राज्य गठन की रजत जयंती मनाई जा चुकी है। अभी तक हुई भर्तियों के करीब 30 प्रतिशत ही सेवारत हैं। यही कारण है कि राज्य में चिकित्सा सेवा बदहाल है। आये दिन समाचार प्रकाशित होते हैं कि पर्वतीय क्षेत्र में इलाज नहीं मिलने से मरीज ने हायर सेंटर ले जाते हुए रास्ते में दम तोड़ दिया।*

उत्तराखंड में चिकित्सा व्यवस्था में सुधार के प्रयास हमेशा विफल साबित हुए हैं। सरकारी अस्पतालों में डाक्टरों के निर्धारित पदों की रिक्तियां पूरी करने का राज्य सरकार का आश्वासन, घोषणा और दावे खोखले साबित हो रहे हैं। सरकारी अस्पतालों में नियुक्त 70 प्रतिशत डाक्टर नौकरी में टिक नहीं पा रहे हैं। राज्य गठन की रजत जयंती मनाई जा चुकी है। अभी तक हुई भर्तियों के करीब 30 प्रतिशत ही सेवारत हैं। यही कारण है कि राज्य में चिकित्सा सेवा बदहाल है। आये दिन समाचार प्रकाशित होते हैं कि पर्वतीय क्षेत्र में इलाज नहीं मिलने से मरीज ने हायर सेंटर लाते हुए रास्ते में दम तोड़ दिया। वर्ष 2000 में नौ नवंबर को पृथक उत्तराखंड राज्य का गठन होने के बाद समय-समय पर सरकारी अस्पतालों के लिए नौ हजार पदों पर भर्तियों की विज्ञप्तियां जारी हुई और सात हजार का चयन किया गया। जिसमें से तीन हजार ने ज्वाइन किया, लेकिन एक हजार ने नौकरी छोड़ दी। स्वास्थ्य विभाग में डाक्टरों के करीब 28 सौ पद हैं, जिसमें से 21 सौ पद पर डाक्टर कार्यरत हैं। ज्यादातर पदों पर कार्यरत डाक्टर बांड और संविदा वाले हैं। राज्य में कांग्रेस और भाजपा की सरकारें बनीं। बांड और संविदा के डाक्टरों से कामचलाऊ व्यवस्था साबित हो रही है। पर्वतीय और ग्रामीण क्षेत्र के अस्पतालों में डाक्टर तैनात होना नहीं चाहते हैं। जिला मुख्यालय और शहरी क्षेत्र के अस्पतालों में भी स्पेशलिस्ट डाक्टरों का अभाव है। राजधानी देहरादून, महानगर हल्द्वानी, उधम सिंह नगर, हरिद्वार आदि के सरकारी अस्पतालों से स्पेशलिस्ट डाक्टरों का स्थानांतरण पर्वतीय क्षेत्र के अस्पतालों में करने पर त्यागपत्र देकर निजी प्रैक्टिस अथवा प्राइवेट अस्पतालों में काम करना शुरू कर देते हैं। हल्द्वानी मेडिकल कालेज के स्पेशलिस्ट डाक्टरों का अल्मोड़ा अथवा किसी अन्य मेडिकल कालेज में तबादला करने पर नौकरी छोड़ देते हैं। कुमाऊं के सबसे बड़े सुशीला तिवारी हास्पीटल (एसटीएच) में विशेषज्ञ चिकित्सकों के अनेक पद हमेशा रिक्त रहते हैं। स्पेशलिस्ट डाक्टर के नहीं होने से एसटीएच की कई लैब में कामकाज ठप हो जाता है। पृथक राज्य बनने से पहले पर्वतीय क्षेत्र शिक्षा, चिकित्सा, रोजगार की दृष्टि से पिछड़ा था। राज्य गठन के ढाई दशक बाद भी पिछड़ा है। तीन-चार महानगर शिक्षा और चिकित्सा हब के तौर पर उभरे हैं, परन्तु ऐसे महानगरों में भी सरकारी अस्पतालों की स्थिति संतोषजनक नहीं है। चिकित्सा के अभाव में मरीजों के दम तोड़ने से विकास के दावे झूठे हैं।

# शिविर में 1391 मरीजों का हुआ स्वास्थ्य परीक्षण

## सेवा, सुशासन और समर्पण के संकल्प के साथ स्वास्थ्य सेवा पखवाड़ा आयोजित



बाजपुर
हमारे संवाददाता

सेवा, सुशासन और समर्पण के संकल्प के साथ आयोजित स्वास्थ्य सेवा पखवाड़ा के अंतर्गत मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. केके अग्रवाल के नेतृत्व में बाजपुर में आयोजित निःशुल्क विशेषज्ञ चिकित्सा शिविर में जनसैलाब उमड़ा। बड़ी संख्या में लोगों ने विशेषज्ञ चिकित्सकों से परामर्श प्राप्त कर निःशुल्क स्वास्थ्य सेवाओं एवं विभिन्न जांचों का लाभ उठाया।

शिविर में विशेषज्ञ चिकित्सकों द्वारा मरीजों का स्वास्थ्य परीक्षण कर आवश्यक उपचार एवं चिकित्सकीय परामर्श प्रदान किया गया। इसके साथ ही निःशुल्क रक्त जांचें, ओरल कैंसर, सर्वाइकल कैंसर एवं ब्रेस्ट कैंसर की स्क्रीनिंग, मधुमेह,उच्च रक्तचाप की जांच, गर्भवती महिलाओं की एएनसी जांच सहित अन्य आवश्यक स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराई गई।

शिविर के दौरान कुल 1391 मरीजों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। इनमें 203 व्यक्तियों की मधुमेह, 203 की उच्च रक्तचाप (हाइपरटेंशन), 59 महिलाओं की ब्रेस्ट कैंसर स्क्रीनिंग की गई। इसके अतिरिक्त 44 मरीजों की टीबी स्क्रीनिंग, 205 लाभार्थियों की हीमोग्लोबिन जांच, 90 गर्भवती महिलाओं की एएनसी जांच, 62 किशोर तथा किशोरियों की जांच, 147 की पोषण जाँच की गयी। इसके साथ ही 17 लाभर्थियों के एम सी पी कार्ड, 127 की आभा आई डी बनाई गयी। 133 लाभार्थियों की लीवर जांच तथा 106 मरीजों की किडनी जांच भी की गयी। मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ के के अग्रवाल ने बताया कि सेवा पखवा? के दौरान जिले मे विभिन्न स्थानों पर आयोजित स्वास्थ्य शिविरों के दौरान सभी स्वास्थ्य सेवाएं पूर्णतः निःशुल्क उपलब्ध रहेंगी। इसके बाद चरणबद्ध रूप से जनपद की अन्य स्वास्थ्य इकाइयों में भी विशेषज्ञ चिकित्सा शिविर आयोजित किए जाएंगे। सीएमओ ने जनपदवासियों से अपील करते हुए कहा कि सभी नागरिक इन विशेषज्ञ चिकित्सा शिविरों में अधिक से अधिक संख्या में पहुंचकर निःशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण, विशेषज्ञ चिकित्सकीय परामर्श एवं उपलब्ध समस्त स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ उठाएं। परिवार, रिश्तेदारों एवं आसपास के लोगों को भी इन शिविरों की जानकारी देकर लाभान्वित करें।

## पंगोट रोड पर 800 मीटर खाई में गिरे फॉरेस्ट गार्ड

नैनीताल । नगर के पंगोट रोड पर गश्त के दौरान वन विभाग का एक फॉरेस्ट गार्ड पैर फिसलने से लगभग 800 मीटर गहरी खाई में गिर गया। सूचना मिलते ही फायर सर्विस और वन विभाग की संयुक्त टीम ने अत्यंत दुर्गम परिस्थितियों में कई घंटे तक चले रेस्क्यू अभियान के बाद घायल को सुरक्षित बाहर निकालकर अस्पताल पहुंचाया। बता दें सोमवार की सुबह लगभग 5 बजे पुलिस व दमकल को डीसीआर के माध्यम से सूचना मिली कि हिमालय दर्शन से करीब एक किलोमीटर आगे पंगोट रोड पर वन विभाग में तैनात गौरव डांगी (28) का सुबह सवेरे गश्त के दौरान सत्यनारायण मंदिर के समीप पैर फिसलने से गहरी खाई में गिर गया है। सूचना मिलते ही दमकल की टीम मौके पर पहुंची। घटनास्थल तक पहुंचने का कोई सुगम रास्ता नहीं होने के कारण राहत एवं बचाव कार्य काफी चुनौतीपूर्ण रहा। फायर सर्विस की टीम ने वन विभाग के कर्मचारियों के साथ मिलकर रस्सियों और स्ट्रेचर की मदद से घायल तक पहुंच बनाई।

# दिनेशपुर में थाना दिवस में एसएसपी पहुंचे,लोगों से किया जनसंवाद

रुद्रपुर
हमारे संवाददाता

जनता और पुलिस के बीच की दूरी को कम करने तथा शिकायतों के मौके पर ही पारदर्शी निस्तारण के लिए पुलिस प्रशासन पूरी तरह गंभीर है। यह बात एसएसपी अजय गणपति ने थाना दिनेशपुर में आयोजित थाना दिवस में प्रतिभाग करने के दौरान कही। इस दौरान एसएसपी ने दूर-दराज से आए लोगों की समस्याओं को बेहद संवेदनशीलता के साथ सुना।

थाना दिवस में ग्रामीण और बुजुर्ग अपनी शिकायतें लेकर पहुंचे, तो एसएसपी ने उनकी अपनी स्थानीय भाषा (बांग्ला) में बातचीत कर जवाब दिया। एसएसपी को अपनी ही भाषा में बात करता देख फरियादियों की हिचक दूर हो गई और उन्होंने बिना किसी संकोच के अपनी समस्याएं खुलकर सामने रखीं। थाना दिवस में जन-सुनवाई में मुख्य रूप से यातायात,नशा संबंधी शिकायतें दर्ज कराई गई। शिकायतों का त्वरित संज्ञान लेते हुए एसएसपी ने थाना प्रभारी और मौजूद पुलिस अधिकारियों को उचित कार्रवाई करने हेतु निर्देशित किया। उन्होंने कहा कि थाने आने वाले हर एक पीड़ित को न्याय मिलना चाहिए। जनता की शिकायतों का निस्तारण केवल कागजों पर नहीं, बल्कि धरातल पर निष्पक्ष और समयबद्ध तरीके से होना चाहिए। किसी भी स्तर पर लापरवाही मिलने पर जवाबदेही तय की जाएगी। यहां पर एसपी सिटी डॉ उत्तम सिंह नेगी, सीओ डीआर वर्मा, थानाध्यक्ष रविंद्र बिष्ट समेत क्षेत्र के लोग मौजूद रहे। एसएसपी अजय गणपति ने कहा जनता की शिकायतों का निस्तारण केवल कागजों पर नहीं, बल्कि धरातल पर निष्पक्ष और समयबद्ध तरीके से हो।




**आयोजन**

- बंगाली समाज के लोगों से बांग्ला भाषा में किया जन संवाद,समस्याएं सुनीं और मौके पर ही किया समाधान

# फिल्मी दुनिया

## आमिर की शादी से सामने आई और तस्वीरें बाराती बने आशुतोष



*आमिर खान और गौरी स्प्रैट की शादी 5 जुलाई को हो चुकी है। शादी के बाद आज कुछ ही देर पहले आमिर की तीसरी पत्नी गौरी ने सोशल मीडिया पर एक खास पोस्ट साझा किया है। बॉलीवुड अभिनेता आमिर खान की तीसरी पत्नी गौरी स्प्रैट ने आज 6 जुलाई को सोशल मीडिया पर एक खास पोस्ट साझा कर प्रशंसकों को सरप्राइज कर दिया है। इस पोस्ट में गौरी ने आमिर के साथ शादी की एक खास तस्वीर के साथ एक नोट भी साझा किया है। गौरी स्प्रैट ने इंस्टाग्राम पर अपनी शादी की खास तस्वीर साझा की है। इस तस्वीर में आमिर खान के अलावा उनके परिवार के कई लोग नजर आ रहे हैं। इस तस्वीर में आमिर बेहद खुश नजर आ रहे हैं। आमिर खान की शादी की कई तस्वीरें और वीडियो अभी भी सोशल मीडिया पर जमकर वायरल हो रही हैं। आशुतोष गोवारिकर भी अपनी पत्नी सुनीता गोवारिकर के साथ आमिर और गौरी की शादी में शामिल हुए थे।*

*आमिर खान और गौरी स्प्रैट की शादी में उनके परिवार और दोस्तों समेत लगभग कम ही लोग शामिल हुए। इस सेलिब्रेशन की कई तस्वीरें सोशल मीडिया पर जमकर वायरल हो रही हैं। कपल की शादी में मौजूद उनके खास दोस्तों ने इस शादी की इनसाइड फोटोज को सोशल मीडिया पर साझा किया है।*

### अवराम भी शामिल

*अभिनेत्री एली अवराम भी गौरी स्प्रैट की शादी में शामिल हुई थीं। जिसकी तस्वीरें एली ने इंस्टाग्राम पर साझा की हैं। इस तस्वीर में गौरी स्प्रैट बेहद खूबसूरत लग रही हैं। उन्होंने ऑफ व्हाइट कलर का लहंगा पहना हुआ है। गौरी ने अपने लुक को बेहद सिंपल और एलिगेंट रखा था।*

# सेवा, सुशासन एवं समर्पण-जन-जन की सरकार जन-जन के द्वार सेवा सप्ताह कार्यक्रम आयोजित

गदरपुर
हमारे संवाददाता

विधायक अरविन्द पांडेय ने विकास खंड कार्यालय में आयोजित सेवा, सुशासन एवं समर्पण-जन-जन की सरकार जन-जन के द्वार "सेवा सप्ताह" कार्यक्रम का दीप प्रज्जवलित कर शुभारम्भ किया।

विधायक अरविन्द पांडेय ने कहा मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के कार्यकल के निर्विवाद सफलता पूर्वक 5 साल पूर्ण होने पर बधाई व शुभकामनाएं दी एवं दीर्घायु की कामना की। कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में मुख्यमंत्री रोज विकास की नई-नई गाथा लिख रहे है। प्रदेश में सभी जगह स ?कों का जाल बिछ रहा है। जिससे लोगों को कही भी आने-जाने में समय और पैसे की बचत हो रही है। उन्होने कहा पंतनगर एयरपोर्ट का विस्तारिकरण, किच्छा में एम्स निर्माण, रिंग रोड निर्माण, मेडिकल कालेज की स्थापना, गदरपुर बाईपास,गदरपुर बस अड्डा जैसे अनेक विकास कार्य किये जा रहे। उन्होंने कहा कि विकास कार्य कराने में हम कही पर भी पीछे नही है। इसलिए जनता का हमारी डबल इंजन की सरकार पर पुरा विश्वास है। मुख्यमंत्री ने जनकल्याणकारी योजनाओं को धरातल पर उतारने का काम किया है जिससे जनता को सरलता से योजनाओं का लाभ मिल रहा है। उन्होंने कहा कि 5 साल में अनेक अनवरत विकास कार्य हुआ है शिविर में आधार कार्ड सेंटर,खाद्य विभाग,नगर निगम, विद्युत, समाज कल्याण,पूर्ति विभाग, श्रम, जिला उद्योग, उरेडा, महिला एवं बाल विकास, स्वास्थ्य विभाग,जल संस्थान आदि विभागों के स्टाल लगाकर सरकार द्वारा संचालित योजनाओं की जानकारी दी गयी।

इस दौरान ब्लॉक प्रमुख ज्योति ग्रोवर,दर्जा राज्य मंत्री सुरेश भट्ट, प्रदेश मंत्री भाजपा गुंजन सुखीजा, जिला पंचायत सदस्य शिल्पी, नगर पालिका अध्यक्ष मनोज, सांसद प्रतिनिधि प्रीत ग्रोवर, उपजिलाधिकारी ऋचा सिंह, बीडीओ आतिया परवेज, तहसीलदार लीना चंद्रा आदि मौजूद रहे।

News कॉर्नर

## टोल शुल्क को लेकर पर्यटकों और टोल कर्मियों में विवाद

**नैनीताल ।** नगर में प्रवेश के दौरान टोल शुल्क को लेकर सोमवार को पर्यटकों और टोल कर्मियों के बीच विवाद हो गया। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और दोनों पक्षों को समझाकर मामला शांत कराया। जानकारी के मुताबिक उत्तर प्रदेश से आए कुछ पर्यटकों का कहना था कि उन्होंने रविवार को टोल शुल्क जमा किया था इसलिए उन्हें सोमवार को भी उसी शुल्क के आधार पर शहर में प्रवेश दिया जाए। वहीं टोल कर्मियों ने स्पष्ट किया कि निर्धारित नियमों के अनुसार एक बार जमा किए गए शुल्क पर केवल एक ही बार प्रवेश की अनुमति है। दोबारा प्रवेश के लिए पुन: शुल्क जमा करना आवश्यक है। इसी बात को लेकर दोनों पक्षों के बीच कहासुनी हो गई और पर्यटकों ने टोल कर्मियों पर अभद्रता का आरोप लगाया। विवाद बढ़ने की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और दोनों पक्षों को समझाकर स्थिति सामान्य कराई। एएसआई सुनील ने बताया कि समझाने के बाद मामला शांत हो गया है।

## बजरंग वाहिनी दल ने डीएम को सौंपा ज्ञापन

**नैनीताल ।** बजरंग वाहिनी दल नैनीताल ने सोमवार को जिलाधिकारी को दो अलग-अलग ज्ञापन सौंपकर शहर की विभिन्न जनसमस्याओं के समाधान की मांग की। संगठन ने नैनी झील में खराब जल निकासी व्यवस्था, शहर में जलभराव, ध्वस्त सीवर लाइन, पेयजल संकट, अनियंत्रित कंक्रीट निर्माण तथा मॉल रोड को शीघ्र खोले जाने की मांग उठाई। इसके साथ ही हल्द्वानी और कालाढूंगी मार्ग पर सड़क किनारे अवैध रूप से डाले जा रहे रेता-बजरी एवं भवन निर्माण के मलबे को तत्काल हटाने की मांग भी की गई।बजरंग वाहिनी दल के जिला उपाध्यक्ष कुनाल बेदी ने बताया कि राष्ट्रीय राजमार्ग से जुड़े हल्द्वानी और कालाढूंगी मार्गों के किनारे अवैध रूप से डाली गई निर्माण सामग्री दुर्घटनाओं का कारण बन रही है।

# द डिवाइन मदर को देवभूमि इंटरनेशनल फि ल्म फेस्टिवल में मिला सर्वश्रेष्ठ डाकयूमेंट्री का पुरस्कार

नई दिल्ली/मंडी (हिमाचल प्रदेश)/नैनीताल

हमारे संवाददाता

उत्तराखण्ड के किंग कोबरा पर आधारित बहुचर्चित वन्यजीव डाकयूमेंट्री फि ल्म द डिवाइन मदर ने एक और महत्वपूर्ण कामयाबी अपने नाम कर ली है। फि ल्म को 3 से 5 जुलाई तक हिमाचल प्रदेश के मंडी में आयोजित देवभूमि इंटरनेशनल फिल्म महोत्सव में सर्वश्रेष्ठ डाकयूमेंट्री पुरस्कार से सममानित किया गया।

इस प्रतिष्ठित फिल्म महोत्सव में देशभर से प्राप्त प्रविष्टियों में से 25 फिल्मों का प्रदर्शन हेतु चयन किया गया था। द डिवाइन मदर पहले इन 25 चयनित फिल्मों में शामिल हुई और बाद में निर्णायक मंडल ने इसे सर्वश्रेष्ठ डाकयूमेंट्री घोषित किया।फिल्म का निर्माण पद्मश्री समानित प्रखयात वन्यजीव फोटोग्राफर अनूप साह तथा वन्यजीव संरक्षण के प्रति समर्पित पार्थ शर्मा ने किया है। फिल्म का निर्देशन प्रसिद्ध फिल्मकार अजय सूरी ने किया है। लगभग 18 महीनों तक कुमाऊँ और गढ़वाल के दुर्गम वनों में फिल्माई गई यह डाकयूमेंट्री किंग कोबरा के रहस्यमय जीवन, उसके व्यवहार तथा हिमालयी पारिस्थितिकी तंत्र में उसकी महत्वपूर्ण भूमिका को अत्यंत प्रभावशाली ढंग से प्रस्तुत करती है।



फि ल्म का शीर्षक द डिवाइन मदर मादा किंग कोबरा की अद्भुत मातृत्व भावना से प्रेरित है। किंग कोबरा विश्व की उन विरल सर्प प्रजातियों में से एक है जो अपना घोंसला बनाती है तथा अंडों की रक्षा के लिए असाधारण समर्पण का परिचय देती है। फिल्म इसी अनूठे व्यवहार के माध्यम से प्रकृतिए संरक्षण और जैव विविधता के महत्व को रेखांकित करती है।देवभूमि इंटरनेशनल फिल्म फेस्टिवल में मिला यह सममान उत्तराखण्ड तथा भारतीय वन्यजीव सिनेमा के लिए गौरव का विषय माना जा रहा है।

फिल्म को इसकी उत्कृष्ट सिनेमैटोग्राफी तथा शोधपूर्ण प्रस्तुति तथा सशक्त संरक्षण संदेश के लिए निर्णायकों और दर्शकों द्वारा सराहा गया।फिल्म के निर्माताओं ने इस सममान पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि यह उपलबधि वन्यजीव संरक्षण के प्रति लोगों में जागरूकता बढ़ाने और उत्तराखण्ड की समृद्ध जैव विविधता को राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय स्तर पर पहचान दिलाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी।

# महापौर गजराज ने किया निरीक्षण सफाई व्यवस्था का लिया जायजा

हल्द्वानी

हमारे संवाददाता

लगातार हो रही वर्षा के बीच हल्द्वानी-काठगोदाम नगर निगम के महापौर गजराज सिंह बिष्ट ने शहर की सफाई एवं जल निकासी व्यवस्था का स्थलीय निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने तिकोनिया नैनीताल रोड, कैनाल रोड (निकट जीएसटी भवन, काठगोदाम) तथा वार्ड संख्या 29 एवं 30 का दौरा कर सफाई व्यवस्था, नालियों की स्थिति एवं जलभराव की संभावनाओं का जायजा लिया।

महापौर ने संबंधित अधिकारियों एवं सफाई निरीक्षकों को निर्देश दिए कि वर्षा ऋतु को देखते हुए नालियों की नियमित सफाई, जल निकासी व्यवस्था तथा संवेदनशील क्षेत्रों की लगातार निगरानी सुनिश्चित की जाए, ताकि नागरिकों को किसी प्रकार की असुविधा का सामना न करना पड़े। निरीक्षण के दौरान महापौर ने सार्वजनिक स्थानों पर



कूड़ा फेंकने एवं गंदगी फैलाने वालों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई के निर्देश भी दिए। उन्होंने कहा कि शहर को स्वच्छ बनाए रखने में प्रत्येक नागरिक की भागीदारी आवश्यक है और नगर निगम स्वच्छता नियमों का उल्लंघन करने वालों के विरुद्ध नियमानुसार कठोर कार्रवाई करेगा। महापौर गजराज सिंह बिष्ट ने कहा कि बारिश के मौसम में सफाई व्यवस्था और जल निकासी को लेकर किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। नगर निगम की टीमें लगातार मैदान में हैं और प्रत्येक संवेदनशील क्षेत्र पर विशेष निगरानी रखी जा रही है। स्वच्छ और व्यवस्थित शहर केवल नगर निगम की जिम्मेदारी नहीं, बल्कि प्रत्येक नागरिक का भी कर्तव्य है। सार्वजनिक स्थानों पर कूड़ा फेंकने या गंदगी फैलाने वालों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की जाएगी।

महापौर गजराज सिंह बिष्ट ने नागरिकों से अपील की है कि वे कूड़ा निर्धारित स्थानों पर ही डालें, नालियों में कचरा न फेंकें तथा शहर को स्वच्छ एवं सुंदर बनाए रखने में सक्रिय सहयोग प्रदान करें।

# चेक बाउंस मामले में दोषी को 6 माह की जेल, 1.60 लाख का जुर्माना

हल्द्वानी

हमारे संवाददाता

चेक बाउंस के एक पुराने मामले में सिविल जज (जूनियर डिवीजन) एवं न्यायिक मजिस्ट्रेट की अदालत ने अभियुक्त को दोषी ठहराते हुए छह माह के कारावास और 1.60 लाख रुपये के अर्थदंड की सजा सुनाई है।

मामले के अनुसार, वनभूलपुरा लाइन नंबर-13 निवासी इकरार हुसैन ने जय मां सूर्य ट्रेडर्स के प्रोपराइटर डूंगर सिंह बिष्ट की दुकान से अपने मकान निर्माण के लिए करीब दो लाख रुपये की टाइलें खरीदी थीं। भुगतान के बदले उसने 1.30 लाख रुपये का चेक दिया, जबकि शेष 70 हजार रुपये नकद देने का आश्वासन दिया था।

वादी के अनुसार, जब चेक को फर्म के बैंक खाते में जमा कराया गया तो वह अपर्याप्त धनराशि (Insufficient Funds) की टिप्पणी के साथ बाउंस हो गया। इसके बाद अभियुक्त को विधिक नोटिस भेजा गया, लेकिन भुगतान नहीं किया गया। मामला न्यायालय पहुंचा, जहां अभियुक्त लंबे



समय तक कार्रवाई से बचता रहा। बाद में गैर-जमानती वारंट जारी होने पर उसने न्यायालय में उपस्थित होकर जमानत कराई। न्यायालय में सुनवाई के दौरान अभियुक्त के धारा 251 एवं 313 सीआरपीसी के तहत बयान दर्ज किए गए।

वादी जय मां सूर्य ट्रेडर्स की ओर से अधिवक्ता राजन सिंह मेहरा ने प्रभावी पैरवी की। सभी साक्ष्यों और पक्षों की दलीलें सुनने के बाद सिविल जज (जूनियर डिवीजन) एवं न्यायिक मजिस्ट्रेट श्री रवि अरोड़ा ने अभियुक्त को दोषी करार देते हुए छह माह के कारावास तथा 1.60 लाख रुपये के अर्थदंड की सजा सुनाई।

# सुशीला तिवारी मेडिकल कॉलेज की मोर्चरी में कर्मचारियों के बीच विवाद, पुलिस पहुंची मौके पर

हल्द्वानी

हमारे संवाददाता

सुशीला तिवारी राजकीय मेडिकल कॉलेज एवं चिकित्सालय की मोर्चरी में सोमवार को कर्मचारियों के बीच हुए विवाद ने उस समय गंभीर रूप ले लिया, जब कहासुनी के बाद हाथापाई और मारपीट की स्थिति बन गई।



घटना से मोर्चरी परिसर में अफरातफरी का माहौल पैदा हो गया, जिसके बाद 112 आपातकालीन सेवा पर सूचना देकर पुलिस को मौके पर बुलाया गया।

प्रत्यक्ष जानकारी के अनुसार, मोर्चरी की कार्य व्यवस्थाओं को लेकर कर्मचारियों के बीच तीखी नोकझोंक हुई, जो देखते ही देखते विवाद में बदल गई। सूत्रों के मुताबिक पुलिस पूछताछ के लिए मोर्चरी में कार्यरत कर्मचारी बबलू को अपने साथ ले गई। वहीं मोर्चरी प्रभारी (एचओडी) और अन्य कर्मचारियों के बीच भी तीखा विवाद होने की बात सामने आई है। बताया जा रहा है कि मामला इतना बढ़ गया कि डंडा चलने जैसी स्थिति बन गई। घटना की सूचना मिलने पर समाजसेवी हेमंत सिंह गौनिया के पास मोर्चरी प्रभारी और कर्मचारी बबलू दोनों के फोन पहुंचे। इसके बाद उन्होंने तत्काल मेडिकल कॉलेज के चिकित्सा अधीक्षक डॉ. अरुण जोशी तथा प्राचार्य प्रो. गोविंद तीतयाल को पूरे घटनाक्रम की जानकारी देते हुए मोर्चरी की व्यवस्थाओं में तत्काल सुधार की मांग की। हेमंत सिंह गौनिया ने कहा कि यदि अस्पताल के कर्मचारी ही आपस में विवाद और मारपीट करेंगे तो आम जनता तथा मृतकों के परिजनों का अस्पताल की कार्यप्रणाली पर विश्वास प्रभावित होगा। उन्होंने मोर्चरी की कार्य व्यवस्था, कर्मचारियों की जिम्मेदारियों और सुरक्षा व्यवस्था की निष्पक्ष जांच कर दोषियों के विरुद्ध उचित कार्रवाई की मांग की।

फिलहाल पुलिस पूरे मामले की जांच कर रही है। घटना के बाद कुछ समय के लिए मोर्चरी की कार्य व्यवस्था प्रभावित होने की भी सूचना है। हालांकि, समाचार लिखे जाने तक अस्पताल प्रशासन की ओर से इस मामले में कोई आधिकारिक बयान जारी नहीं किया गया था।

## हाईकोर्ट से पूर्व विधायक राठौर को राहत नहीं

**नैनीताल ।** हाईकोर्ट ने पूर्व विधायक सुरेश राठौर को अग्रिम जमानत दिए जाने के मामले पर सुनवाई की।

मामले की सुनवाई के बाद न्यायमूर्ती आलोक महरा की एकलपीठ ने आज उन्हें कोई राहत न देते हुए सरकार से 8 जुलाई तक स्थिति से अवगत कराने को कहा है। मामले की अगली सुनवाई 8 जुलाई की तिथि नियत की है।

# पर्यटकों व स्थानीय युवकों में हुई मारपीट

नैनीताल

हमारे संवाददाता

नैनीताल में रविवार की देर रात मल्लीताल बड़ा बाजार में पर्यटकों और स्थानीय युवकों के बीच मामूली बात को लेकर विवाद हो गया। देखते ही देखते कहासुनी हाथापाई में बदल गई जिससे बाजार में अफरा.तफरी मच गई और मौके पर लोगों की भीड़ जुट गई। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार बाजार में टहलने के दौरान एक कानपुर के पर्यटक और स्थानीय युवक की आपस में टक्कर हो गई। इसी बात को लेकर दोनों पक्षों के बीच कहासुनी शुरू हो गई। आरोप है कि विवाद के दौरान अभद्र टिप्पणी किए जाने परए जब पर्यटकों के साथ महिलाएं भी मौजूद थीं तो माहौल और तनावपूर्ण हो गया। कुछ ही देर में दोनों पक्षों के बीच हाथापाई शुरू हो गई। मारपीट होते ही बाजार में भगदड़ जैसी स्थिति बन गई। स्थानीय लोगों और दुकानदारों ने बीच.बचाव का प्रयास किया तथा पुलिस को सूचना दी। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और दोनों पक्षों को अलग कर स्थिति को सामान्य कराया। एसएसआई दिनेश जोशी ने बताया कि पुलिस ने दोनों पक्षों को समझाकर मामला शांत करा दिया। पूछताछ के दौरान दोनों पक्षों ने अपनी.अपनी गलती स्वीकार करते हुए किसी प्रकार की कानूनी कार्रवाई नहीं चाही। इसलिए फिलहाल किसी के खिलाफ कार्रवाई नहीं की गई है। उन्होंने कहा कि यदि किसी भी पक्ष की ओर से लिखित शिकायत प्राप्त होती है तो नियमानुसार आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।

# राज्य आंदोलनकारियों की बैठक में विभिन्न मुद्दों पर गहन मंथन

नैनीताल

हमारे संवाददाता

उत्तराखंड राज्य निर्माण सेनानी वेलफेयर एसोसिएशन उत्तराखंड की ओर से सोमवार को नैनीताल क्लब में राज्य आंदोलनकारियों की बैठक आयोजित की गई। बैठक में प्रदेश के विभिन्न जिलों से पहुंचे आंदोलनकारियों ने अपनी-अपनी समस्याएं रखीं। इस मौके पर एसोसिएशन की ओर से दर्जा राज्य मंत्री हुकुम सिंह कुंवर व मोहन पाठक का विशेष सममान किया। एसोसिएशन के अध्यक्ष हुकुम सिंह कुंवर ने बताया कि बैठक में उठाए गए सभी मुद्दों को मुखयमंत्री के समक्ष रखा जाएगा। प्रमुख मांगों में राज्य आंदोलनकारियों की पेंशन में सुधार, आरक्षण की व्यवस्था, आंदोलनकारियों के परिजनों को रोजगार में प्राथमिकता, अतिथि




गृहों में ठहरने की सुविधा तथा राज्य परिवहन की बसों में बैठने की विशेष व्यवस्था शामिल हैं। उन्होंने बताया कि बैठक में नैनीताल, अल्मोड़ा, द्वाराहाट, रामनगर तथा पिथौरागढ़ सहित प्रदेश के विभिन्न क्षेत्रों से राज्य आंदोलनकारी शामिल हुए। हुकुम सिंह कुंवर ने कहा कि उत्तराखंड राज्य गठन को 26 वर्ष पूरे हो चुके हैं। यदि उत्तर प्रदेश से अलग राज्य का गठन नहीं हुआ होता तो आज उत्तराखंड की स्थिति कहीं अधिक चुनौतीपूर्ण होती उन्होंने कहा कि राज्य आंदोलनकारियों के संघर्ष और बलिदान के परिणामस्वरूप ही उत्तराखंड का निर्माण संभव हो सका है। उन्होंने कहा कि मूल निवास के मुद्दे पर मुख्यमंत्री गंभीर हैं और इस विषय पर विचार किया जा रहा है साथ ही उन्होंने कहा कि राज्य लगातार विकास की ओर अग्रसर हैं। प्रदेश में सड? संपर्क का व्यापक विस्तार हुआ है और अधिकांश क्षेत्रों को लिंक मार्गों से जोड़ा गया है। इस दौरान संरक्षक पान सिंह रौतेला, उपाध्यक्ष पान सिंह सिजवाली, प्रवक्ता खड़क सिंह बगड्वाल, मीडिया प्रभारी रईश अहमद, हरगोविन्द सिंह रावत, मनोज जोशी, वीरेंद्र सिंह तथा हेम चन्द्र पाठक, शाकिर अली समेत अन्य लोग मौजूद रहे।